हरिभूमि
कोरबा भूमि
बिलासपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025
[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

4
भक्त की भक्ति के आगे हार जाते हैं भगवानः पं. मिश्रा



# मनरेगा से इस वर्ष खेत के समतलीकरण का नहीं होगा प्रस्ताव तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मनरेगा से इस वर्ष खेत के समतलीकरण का प्रस्ताव पंचायतों से तैयार नहीं होगा। प्रधानमंत्री आवास निर्माण में मनरेगा बजट की राशि खर्च किए जाने के नए प्रावधान के तहत अब किसानों को स्वयं के खर्च पर खेत का समतलीकरण कराना होगा। आवास निर्माण में हितग्राहियों को 90 दिन की मजदूरी दिए जाने की वजह से अन्य कार्यों में बजट नहीं खर्च हो पा रहा है।

अलग खबर

मानसून के पूर्व किसान अपनी पड़ती जमीन को खेत बनाने के लिए मनरेगा का सहारा लेते थे। इसके लिए ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव तैयार कर जनपद पंचायतों को भेजा जाता था। उसके बाद कार्यों की स्वीकृति मिलते ही किसानों के खेत बनाने का काम मजदूरों से कराया जाता था इससे ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वाधिक लोगों को रोजगार मिलता था लेकिन अब मजदूरी का सारा काम पीएम आवास योजना के तहत किया जा रहा है इससे मनरेगा के हर बड़े और जरुरी काम दायरे से बाहर होते जा रहे हैं। जबकि इससे पूर्व अप्रैल महीने में खेत समतलीकरण के प्रस्ताव मनरेगा में ज्यादा आते थे। इस वर्ष ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आ रहा है।

## पीएम आवास में 90 दिन की मजदूरी का दिया गया है लक्ष्य

**खास बातें**

- किसानों को स्वयं के खर्च पर कराना होगा खेतों का समतलीकरण
- नहीं हो रहा तालाब गहरीकरण



## डबरी और तालाब निर्माण पर भी बजट नहीं

अब तालाब गहरीकरण या नए तालाब निर्माण या खेतों में डबरी जैसे कार्यों की संख्या भी घट गई है। पिछले वर्ष 300 से अधिक तालाबों का मनरेगा से गहरीकरण किया गया था। इस वर्ष गर्मी के इस दौर में भी गहरीकरण के कार्य बीते वर्ष की तुलना में नहीं किए गए हैं। जबकि जल संरक्षण ओर संवर्धन के लिए मनरेगा के माध्यम से ही तालाबों के गहरीकरण एवं निर्माण का कार्य ग्राम पंचायतों द्वारा कराया जाता था। इस कार्य में भी 100 से अधिक मजदूरों को रोजगार मिला करता था। उक्त कार्यों की संख्या कम होने से रोजगार प्राप्त करने वाले परिवारों की संख्या भी कम हो गई है।

## खबर संक्षेप

### आज बंद रहेंगे पंजीयन कार्यालय, नहीं होगी रजिस्ट्री

**कोरबा।** जिले के सभी पंजीयन कार्यालय आगामी 29 अप्रैल को बंद रहेंगे। राजधानी रायपुर समेत पूरे प्रदेश में इस दिन किसी भी प्रकार का रजिस्ट्री या पंजीयन कार्य नहीं होगा। पंजीयन विभाग ने पहले से अपॉइंटमेंट बुक कर चुके पक्षकारों को एसएमएस के जरिए सूचना भेज दी है और नागरिकों से सहयोग की अपील की है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, इस दिन अधिकारियों को तत्काल नामांतरण प्रक्रिया को सुधारने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा, नई पंजीयन गाइडलाइन तैयार करने और जमीन के गाइडलाइन रेट की समीक्षा जैसे अहम कार्य भी इसी दिन पूरे किए जाएंगे।

### प्रेरणा महिला मंडल ने आयोजित की ड्राइंग स्पर्धा

**कोरबा।** कुसमुंडा आदर्श नगर कॉलोनी में प्रेरणा महिला मंडल द्वारा एक ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 5 से 12 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 15 बच्चों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता विकेश झा और राजेश पटेल उपस्थित थे, उन्होंने विजयी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता में फर्स्ट अनन्य कुमार, सेकंड जसप्रीत सिंह और तीसरा स्थान अनन्या कुमारी ने प्राप्त किया। भाजपा नेता विकेश झा ने कहा कि बच्चों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ड्राइंग प्रतियोगिता कराई जा रही है। ऐसे आयोजन से बच्चों में जागरूकता आती है। राजेश पटेल ने बताया कि ड्राइंग प्रतियोगिता बच्चों को जागरूक करेगी और उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। प्रेरणा महिला मंडल की सदस्य निक्की कौर ने कहा कि बच्चों की छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए इस प्रतियोगिता को कराया जाता है।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु एडवाइजरी

**कोरबा।** ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी ने बताया कि जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद तेज धूप एवं गर्मी प्रारंभ हो गया है। जिसके कारण लू लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेज गर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे शरीर में पानी और खनिज लवण नमक की कमी हो जाती है इसे लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया जागरूकता

**कोरबा।** बालको ने कर्मचारियों, व्यावसायिक साझेदार और समुदाय के साथ 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया। सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस वर्ष की थीम विकसित भारत के लिए सुरक्षा और कल्याण महत्वपूर्ण के तहत बालको ने सभी स्तरों पर सुरक्षा व्यवहार को सुदृढ़ करने के लिए सुरक्षा रैली, सुरक्षा सत्र, सेफ्टी मैराथन और नुक्कड़ नाटक सहित सप्ताहिक जागरूकता अभियान चलाया। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि बालको में सुरक्षा प्रोटोकॉल से आगे बढ़कर, एक मौलिक मूल्य है जो हमारी प्रचालन उत्कृष्टता को परिभाषित करता है। शून्य हानि का हमारा दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि सुरक्षा और कल्याण हमारे कार्यस्थल और समुदाय के मूल की हिस्सा हो। निरंतर प्रयासों और सुरक्षा नवाचार के माध्यम से हमारा लक्ष्य एक ऐसी संस्कृति को विकसित करना है।

## सहकारिता विभाग ने क्षेत्र की विस्तृत रिपोर्ट भेजी आरबीआई को

# करतला ब्लाक में सहकारी बैंक की शाखा खोलने शुरु हुई कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में धान उत्पादन के क्षेत्र में सबसे अधिक उत्पादन करने वाला करतला ब्लाक में पिछले लंबे समय से सहकारी बैंक की शाखा खोलने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन तकनीकी कारणों से प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिल पाती थी इस वर्ष सहकारिता विभाग ने करतला ब्लाक में बैंक शाखा खोलने का प्रस्ताव पुनः भेजा है जिसमें पूरी रिपोर्ट शामिल है।

**खास बात**

- जिले का सबसे बड़ा धान उत्पादक क्षेत्र है करतला

करतला विकासखंड में सहकारी बैंक की शाखा खोलने के बाद से बरपाली सहकारी बैंक की ब्रांच में पड़ने वाला दबाव कम हो जाएगा। वर्तमान में सहकारी बैंक की बरपाली शाखा से ही सर्वाधिक भुगतान किया जाता है और सबसे अधिक किसान बरपाली ब्रांच में ही दर्ज है। लगभग 40 से 50 हजार किसान बरपाली शाखा से ही लेनदेन करते हैं। इस दृष्टि से करतला ब्लाक में सहकारी बैंक की शाखा खोलने की घोषणा भी राज्य शासन की ओर से हुई थी। विभाग ने इसका प्रस्ताव भेजा था। बताया जाता है कि आरबीआई ने जो गाइड लाइन तैयार की गई थी उसमें विभाग के द्वारा भेजा गया प्रस्ताव अनुकूल नहीं था। सहकारिता विभाग ने आरबीआई के द्वारा जारी दिशा निर्देश को फालो करते हुए एक बार फिर से प्रस्ताव भेजा है जो आरबीआई की गाइड लाइन के अनुरुप है। इससे जाहिर होता है कि प्रस्ताव को स्वीकृति मिली तो अगले वर्ष करतला ब्लाक में बैंक की शाखा खुल सकती है।



फाइल फोटो

## लंबा सफर तय करना पड़ता है किसानों को

गांव के समीप सहकारी समिति में धान बेचने वाले किसानों को अपने भुगतान के लिए बरपाली आने के लिए लंबा सफर तय करना पड़ता है। कई बार कुछ किसानों के साथ उठाईगिरी की घटना भी हो गई है। बेचे गए धान का पूरा भुगतान भी किसानों को नहीं दिया जाता। किश्तों में भुगतान किए जाने के कारण किसानों को बार बार बरपाली ब्रांच आना पड़ता है जिससे उन्हे आर्थिक परेशानियों का सामना भी करना पड़ता है।

## विभाग के सचिव ने ली जानकारी

पिछले सप्ताह जिले के प्रवास पर आए सहकारिता विभाग के सचिव ने कटघोरा में विभागीय अधिकारियों से मुलाकात करते हुए बैंकिंग व्यवस्था के संबंध में जानकारी लेते हुए करतला ब्लाक में बैंक की नई शाखा शुरु करने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान सहकारिता उपपंजीयक पूर्णिमा सिंह ने विभाग के द्वारा करतला विकासखंड में सहकारी बैंक की शाखा शुरु करने के संबंध में पूर्व में दिए गए कई प्रस्तावों का जिक्र कर बैंक खोलना आवश्यक बताया।

# कमॉर्शियल माइनिंग 12वें दौर में, जिले के चार कोल ब्लॉक नीलामी में शामिल


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कमॉर्शियल कोल माइनिंग के तहत प्रदेश के कुल 7 कोल ब्लॉकों को भी नीलामी में शामिल किया गया है। 12वें चरण की नीलामी में जिले के भी 4 कोल ब्लॉक शामिल हैं।

**खास बात**

- राज्य के कुल 7 कोल ब्लाकों की होगी नीलामी

जिसके तहत विजयनगर उत्तर, विजयनगर दक्षिण और रजगामार डिपसाइड (देवनारा) व रजगामार फुलकडीह नाला के दक्षिण कोल ब्लॉक की भी नीलामी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि कमॉर्शियल कोल माइनिंग के तहत कोल ब्लॉकों के लिए 12वें चरण की नीलामी की प्रक्रिया 16 मई से प्रारंभ हो जाएगी। 12वें दौर में 7 राज्यों में स्थित कुल 25 कोयला खदानों को नीलामी के लिए सूचीबद्ध किया गया है। जिनमें जिले के 4 कोल ब्लॉक सहित प्रदेश के कुल 7 कोल ब्लॉक शामिल हैं। कोयला खदानों की नीलामी में सम्मिलित होने इच्छुक बोलीदाताओं को 16 मई को ऑनलाइन पंजीयन करना होगा। 20 मई को टेंडर प्रक्रिया के दस्तावेजों की बिक्री की जाएगी। बोली जमा करने की अंतिम तिथि 23 मई निर्धारित की गई है। 26 मई को तकनीकी बोलियों को खोला जाएगा। बोलियों का परीक्षण 27 मई से 6 जून के बीच होगा। परीक्षण के बाद चयनित बोलीदाता 9 जून से 20 जून के बीच होने वाली ई- नीलामी में शामिल हो सकेंगे। 12वें दौर की नीलामी के लिए सूचीबद्ध की गई कोयला खदानों में राज्य के रजगामार डिपसाइड देवनारा, रजगामार डिपसाइड (फुलकडीह नाला के दक्षिण), फूटामुरा, टेरम, विजयनगर उत्तर, विजयनगर दक्षिण, छाल के पश्चिम कोल ब्लॉक शामिल है।

# निजी मेडिकल दुकानों से खरीदनी पड़ रही महंगी दवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचने वाले मरीजों को निःशुल्क दवाईयों की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। हालांकि लंबे समय से चिकित्सकों द्वारा लिखी गई अधिकांश दवाईयां अस्पताल के काउंटर में उपलब्ध नहीं रहती। जिसकी वजह से निःशुल्क उपचार कराने पहुंचे गरीब मरीजों को बाहर के निजी मेडिकल दुकानों से दवाई खरीदीकर अपनी जेब ढीली करनी पड़ रही है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजना के तहत मात्र 5 रुपए में इलाज और निःशुल्क दवाइयों की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस सुविधा से प्रेरित होकर बड़ी संख्या में मरीज अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच रहे हैं और प्राथमिक उपचार प्राप्त कर रहे हैं। हालांकि जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। बताया जा रहा हैं की अस्पताल में डॉक्टरों द्वारा लिखी गई अधिकांश दवाएं मेडिकल स्टोर में उपलब्ध नहीं हो रही हैं, जिससे मरीजों को बाहर की निजी मेडिकल दुकानों का रुख करना पड़ रहा है। वहाँ दवाएं महंगे दामों पर बिक रही हैं, जिससे गरीब मरीजों की आर्थिक स्थिति पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि जो दवाइयाँ अस्पताल स्टोर में अनुपलब्ध हैं, वे अस्पताल परिसर में स्थित निजी मेडिकल दुकानों में सहजता से मिल रही हैं। मरीज और उनके परिजन के द्वारा कहा जा रहा हैं की शासन-प्रशासन को चाहिए कि जिला अस्पताल में आवश्यक दवाओं की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।


फाइल फोटो

# लाखों की ठगी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमीन अधिग्रहण में मिली 22 लाख रुपए की राशि को गबन करने का मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला जिला जांजगीर चांपा के नैला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करमंदी निवासी मोहन बिंझवार उम्र 60 वर्ष पिता स्व. रामभरोस बिंझवार ने उरगा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मोहन बिंझवार अपने माता पिता के तीन पुत्र थे, पुत्री नहीं थे। माता पिता के पैतृक संपत्ति कृषि कार्य भूमि ग्राम पुरैना में 10.50 एकड़ भूमि स्थित है जिसका खसरा नं. 1268/02 जो तीनों भाई के नाम पर पटवारी रिकार्ड व राजस्व विभाग के मुताबिक सामूहिक खाता है, पूर्व में भी सामूहिक खाता भी था। मोहन के बड़े भाई हरप्रसाद बिंझवार वर्तमान में सन-2024 में मौत हो गया है, दूसरा नंबर का बड़ा भाई शिवप्रसाद बिंझवार की वर्ष 2023 में मौत हो चुका है। शामिलाती भूमि खसरा नंबर 1268/02 में से केवल 22 डिस्मील का अधिग्रहण शासन के द्वारा किया गया तथा मुआवजा राशि 22 लाख 48 हजार 646 रुपए स्वीकृत हुआ। शामिलात खाता होने की वजह से हरप्रसाद बिंझवार के व्यक्तिगत खाता आईसीआईसी बैंक शाखा कोरबा में 29 दिसंबर 2022 को मुआवजे की समस्त रकम 22 लाख 48 हजार 646 रूपये जमा हुआ था। हरप्रसाद बिंझवार के बैंक में अपने साला विशाल के पुत्र जगदीश बिंझवार का मोबाईल नं 969193035 दर्ज कराया था। बिरतराई निवासी जगदीश बिंझवार के द्वारा उक्त जमा राशि 22 लाख 48 हजार 646 रुपए को 29 दिसंबर 2022 को ही लगातार अमरनाथ खाण्डे को, हरप्रसाद से मनमोहन के खाता में 2 लाख रूपये ट्रांसफर हुआ है। इस तरह विभिन्न किश्तों में जगदीश बिंझवार ने अलग अलग खाता में रकम का स्थानांतरण कर दिया है। प्रार्थी मोहन बिंझवार की रिपोर्ट पर पुलिस ने जगदीश बिंझवार, अमरनाथ खांडे, मनमोहन बिंझवार, रामेश्वरी के विरुद्ध धारा 420 , 406 , 34 के तहत अपराध दर्ज किया था। उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी ने इस मामले में दो आरोपी जगदीश बिंझवार और रामेश्वरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि फरार आरोपियों की खोजबीन की जा रही है।


गिरफ्तार आरोपीगण।

## ऑनलाइन पेमेंट के नाम पर युवक से 4 लाख की ठगी, मामला दर्ज

कोरबा। एक युवक से ऑनलाइन पेमेंट के नाम पर 3 लाख 81 हजार रुपए की ठगी की घटना को अंजाम दिया गया है। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत एलआईजी-38 साडा कालोनी जमनीपाली निवासी रामेश्वर प्रसाद राठौर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 10 अप्रैल को वह अपने क्रेडिट कार्ड से डी मार्ट रेडी ऐप से आनलाईन खरीदी कर रहा था जिसका भुगतान असफल हुआ और कुछ समय पश्चात रामेश्वर प्रसाद के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया और कहा कि आपका पिछला भुगतान असफल हो गया है इसलिये आप एक बार फिर से अपना भुगतान असफल हो गया है इसलिये आप एक बार फिर से अपना भुगतान करने कहा और रामेश्वर के वाट्सएप पर एक मैसेज भेजकर एक ऐप को इंस्टाल करने के लिए कहा गया और जैसे ही रामेश्वर के द्वारा उस एप को खोला गया उसके मोबाइल में ओटीपी आया और रामेश्वर के क्रेडिट कार्ड से कुल विभिन्न किश्तों में कुल 3 लाख 81 हजार 988 रुपए आहरित कर लिया गया। रामेश्वर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## नियमों का नहीं कर रहे पालन, लोगों को हो रही परेशानी

# बिना तिरपाल ढंके मालगाड़ियों में खुले में हो रहा कोयला परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर अंतर्गत कोरबा के गेवरा, दीपका, कुसमुंडा, जुनाडीह व मानिकपुर साइडिंग से कोयला परिवहन किया जा रहा है। मालगाड़ियों शहर से होकर गुजर रही है। बताया जा रहा है कि प्रत्येक 24 घंटे के भीतर 40 से अधिक रैक कोयला से लदी मालगाड़ियों शहर के बीच में होकर दौड़ रही है, इसमें से अधिकांश रैकों पर तिरपाल नहीं होती है।

रेल प्रबंधन की ओर से कोयला लदान के लिए लोगों की सुविधाओं तक को दरकिनार किया जा रहा है। एक ओर जहां साइडिंग पर कोयला लदान के दौरान पानी का छिडक़ाव नहीं किया जा रहा है। दूसरी तरफ मालगाड़ी के वैगन में कोयला लदान के बाद तिरपाल से नहीं ढंका जा रहा है। कोयला से लदे वैगन को खुला कर मालगाडिय़ों का परिचालन किया जा रहा है। इससे कोल डस्ट उडक़र वातावरण में घुल रही है। गाड़ी की रफ्तार अधिक होने की वजह से कई बार वैगन का कोयला पटरी पर गिर जाता है। फाटक के समीप वैगन से कोयला गिरने पर छिटककर लोगों को लगने की आशंका बनी रहती है।बावजूद इसके रेलवे प्रबंधन तिरपाल ढंकने को लेकर न गंभीर है और न ही पर्यावरण विभाग इसे लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा है।रेलवे प्रबंधन पर कोयला लदान का दबाव बढ़ गया है। ऐसे में कोयला लदान में तेजी लाने के लिए रैक की संख्या बढ़ाने पर प्रबंधन जोर दे रही है। रोजाना लगभग 40 रैक कोयला लदान कर गुजर रही है। इस की वजह से शहर के सर्वमंगला चौक, पावर हाउस रोड, संजय नगर, इमलीडुग्गू सहित अन्य रेलवे फाटक हर 15 से 20 मिनट में बंद हो रहा है। सिग्नल नहीं होने की वजह से कई बार फाटक पर मालगाडिय़ां पर खड़ी की जा रही है।



## रोड सेल में भी मनमानी

इधर भारी वाहन चालक कोयला लदान के दौरान पीछे की ट्रॉली पर फटे और पुराने तिरपाल ढंककर फर्राटे भर रहे हैं। इससे पीछे से आ रहे दोपहिया, ऑटो, चार पहिया सहित अन्य वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। स्पीड ब्रेकर पर वाहनों के कोयले के टुकड़े सडक़ पर गिर रहे हैं। इस कारण सडक़ व सडक़ के किनारे कोयला के धुल जमा हो रहा है। जबकि अधिकांश भारी गाडिय़ां इमलीछापर, कुसमुंडा, सर्वमंगला पुल, राताखार बायपास होते हुए सीएसईबी चौक, बुधवारी चौक से मुड़ापार बायपास से होकर गुजरती है।

# सगाई से एक दिन पहले युवती ने की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक युवती की सगाई हो चुकी थी और एक दिन बाद ही उसकी धूमधाम से सगाई होने वाली थी लेकिन न जाने ऐसा क्या हुआ की युवती ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन भी सकते में हैं उन्हें भी कुछ समझ में नहीं आ रहा है कि आखिर ऐसा क्या हो गया कि उसकी पुत्री को ऐसा आत्मघाती कदम उठाना पड़ा। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करमंदी निवासी साबितराम मरार की 24 वर्षीय पुत्री सविता मरार ने फांसी लगाकर आत्महत्या ली है। घटना से परिवार और गांव में मातम पसरा हुआ है। जानकारी के मुताबिक मृतिका सविता की 28 अप्रैल को सगाई होनी थी और 9 मई को शादी की तारीख तय की गई थी। परिवार वाले सगाई की तैयारियों में व्यस्त थे, इसी बीच युवती ने घर के बाथरूम में फांसी का फंदा बनाकर जान दे दी। इस पूरे मामले में परिजन कुछ भी कहने से बच रहे हैं। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी दाऊद कुजूर ने बताया कि युवती ने बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी मिली है। शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### मौसम बिगड़ने से विद्युत व्यवस्था घंटों रही बाधित

**कोरबा।** देर शाम को मौसम ने एक बार फिर अचानक करवट बदली और तेज आंधी शुरू हो गई। लगभग 1 घंटे तक शहर में धूल भरी आंधी चलती रही जिसके चलते कई स्थानों में बड़े पेड़ धराशाही हो गए। जिसकी वजह से शहर के हृदय स्थल टीपी नगर सहित आसपास के कई इलाकों में विद्युत व्यवस्था ठप हो गई। आंधी तूफान चलने की वजह से विद्युत वितरण विभाग के अधिकारियों को मेंटेनेंस करने और विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में घंटों मशक्कत करनी पड़ी। देर रात को किसी तरह शहर की एक-एक क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को बहाल किया जा सका। तब जाकर विद्युत विभाग के अधिकारियों को राहत मिली। उल्लेखनीय है कि विद्युत विभाग द्वारा लगातार मेंटेनेंस अभियान चलाया जा रहा है लेकिन तेज आंधी तूफान चलने की वजह से विद्युत व्यवस्था की सारी मेहनत असफल हो जा रही है।

### विदाई समारोह में शिक्षकों को दी गई विदाई

**पाली।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उतरदा विकासखंड पाली के व्याख्याता घनश्याम प्रसाद भास्कर का स्थानांतरण स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दादर विकासखंड कोरबा में होने पर एवं सीआर आदित्य प्रधान पाठक स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय उतरदा की सेवानिवृत्ति होने पर संस्था के समस्त शिक्षकों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। संस्था प्रमुख पीपी अंचल ने कहा कि व्याख्याता घनश्याम प्रसाद भास्कर विद्यालय के एक कर्मठ एवं सक्रिय व्याख्याता थे वह हमारे विद्यालय के समस्त कार्यों तथा शिक्षण कार्य के साथ ही साथ पाठयेत्तर गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए विद्यार्थियों के समग्र विकास में अपना योगदान दिया। विदाई समारोह का संचालन व्याख्याता उत्तम सिंह मरावी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में व्याख्यातागण पटवर्धन खांडे, नरेंद्र पाटले, अनुज कुमार जांगड़े, नीलिमा सोनी, ममता मांडले, राकेश टंडन, सुधीर कुमार चंद्रा, निर्मला शर्मा, सुशीला पैगोर, राजेंद्र कैवर्त्य, वंदना लहरे, प्रधान पाठक नित्यानंद नेटी चंद्र, दर्शन कुर्रे आदि उपस्थित थे।

### धूल उड़ने से आवागमन करने वालों को हो रही परेशानी

**कोरबा।** सर्वमंगला मंदिर के पास बने नए उरगा गेवरा रेल ब्रिज के ठीक नीचे सड़क नहीं बनने से लगातार धूल डस्ट उड़ रहा है। जिससे राहगिरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा लगातार आंदोलन के पश्चात ही यहां कार्य में तेजी आई और सीसी सड़क निर्माण को पूर्ण किया गया है। वहीं रेल ब्रिज बनने के बाद नीचे की सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे वाहन गुजरने से सड़क से बड़ी मात्रा में धूल डस्ट उड़ती है। जो बड़ी समस्या बनी हुई है। संबंधित विभाग को चाहिए कि इस ओर ध्यान देते हुए जल्द से जल्द छूटे हुए पेंच पर सड़क निर्माण करना चाहिए जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों को राहत मिल सके।

### राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस पर जागरूकता शिविर

**कोरबा।** छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान आफ एक्शन के अनुसार सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में 25 अप्रैल को राष्ट्रीय वित्तीस साक्षरता दिवस के अवसर पर लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा के कौन्सलों द्वारा एसबीआई आरसीटी में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नंदकिशोर पासवान, डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा द्वारा वित्तीय साक्षरता के बारे में प्रकाश डाला। सीमा नायक, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा ने पैसे का महत्व एवं स्वरोजगार की जानकारी प्रदान की। प्रमोद तिवारी, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेंस कौंसिल द्वारा पैसे कमाने का हुनर एवं बचत करने के तरीके बताये गये एवं विपिन मिश्रा, असिस्टेंट, लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा ने निःशुल्क विधिक सेवा की जानकारी दी। उक्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य रूप से साइबर अटैक, जीवन सुरक्षा बीमा, जीवन बीमा, वित्तीय प्रबंधन, व्यावसायिक गुण, बचत करने के तरीके एवं नालसा स्कीम की जानकारी प्रदान किया गया। उक्त विधिक जागरूकता कार्यक्रम में आरसीटी के ट्रेनर सुरंजना बिसवाल, ललीता नाग, ऋषिकर भारती, समाज सेवी आकाश कुमार, एलआईसी विकास अधिकारी किशन दास एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र श्री अहमद खान सहित 30 लाभार्थी उपस्थित थे।

## निधन

### विद्यावती मिश्रा



**कोरबा।** कमला नेहरू महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एवं भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा की माता श्रीमती विद्यावती मिश्रा का शनिवार को उनके निवास स्थान बिलासपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम बनारस में किया गया।

### मामला पटेलपारा वार्ड का जहां नहीं है कोई सामुदायिक भवन

# 20 वर्ष से जर्जर पड़े छात्रावास के स्थान पर सामुदायिक भवन बनाने का प्रस्ताव



जर्जर छात्रावास जहां सामुदायिक बनाने की हो रही मांग।

**खास बात**

- पार्षद ने कलेक्टर को लिखा पत्र, वार्डवासियों की सुविधा का दिया हवाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के वार्ड क्रमांक 2 पटेलपारा में पूर्व में संचालित आदिमजाति कल्याण विभाग के छात्रवास के जर्जर भवन के स्थान पर सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए वार्ड पार्षद ने प्रस्ताव देते हुए प्रशासन को पत्र लिखकर इसकी अनुमति भी मांगी है। पार्षद के अनुसार वार्ड में सामुदायिक भवन की सुविधा नहीं होने से कई कार्यक्रम नहीं हो पाते। जबकि छात्रवास भवन पिछले 20 वर्षों से बिना किसी उपयोग के जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत कई ऐसे सरकारी भवन हैं जिनका उपयोग नहीं हो पा रहा है और रख रखाव के आभाव में ऐसे भवन जर्जर हो चले हैं। ऐसे ही भवनों में ऐ भवन पटेलपारा वार्ड में स्थिति आदिमजाति कल्याण विभाग का छात्रावास भवन है जहां कभी स्कूल के छात्र रहा करते थे। बीते 20 वर्षों से उक्त भवन जर्जर होने के कारण छात्रावास का संचालन बदलकर अन्य किसी भवन में किया जा रहा है। वार्ड पार्षद ईश्वर पटेल ने बताया कि उक्त भवन जर्जर हो चुका है और रात के समय असामाजिक तत्वों का अड्डा बना रहता है। उक्त भवन की जगह सामुदायिक भवन का निर्माण किए जाने से वार्डवासियों को अपने कार्यक्रमों के लिए एक व्यवस्थित और सुविधाजनक भवन मिल जाएगा। वार्ड पार्षद के द्वारा छात्रावास के जर्जर भवन के स्थान पर सामुदायिक भवन बनाने हेतु कलेक्टर को पत्र लिखकर इसकी अनुमति भी मांगी गई है।

## महिला मंडल द्वारा ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन



पच्चे को सम्मानित करते अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली

जिले के कुसमुंडा आदर्श नगर कॉलोनी में प्रेरणा महिला मंडल द्वारा एक ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 5 से 12 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 15 बच्चों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता विकेश झा और राजेश पटेल उपस्थित थे। उन्होंने विजयी बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए। प्रतियोगिता में फर्स्ट अनन्य कुमार, सेकंड जसप्रीत सिंह और तीसरा स्थान अनन्या कुमारी ने प्राप्त किया। भाजपा नेता विकेश झा ने बताया कि बच्चों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से ड्राइंग प्रतियोगिता कराई जा रही है। ऐसे आयोजन से बच्चों में जागरूकता आती है। राजेश पटेल ने बताया कि ड्राइंग प्रतियोगिता बच्चों को जागरूक करेगी और उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा। प्रेरणा महिला मंडल की सदस्य निक्की कौर ने बताया कि बच्चों की छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने के लिए इस प्रतियोगिता को कराया जाता है। साथ ही उन्हें भविष्य में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरणा दी जाती है। इस मौके पर प्रेरणा महिला मंडल की अध्यक्ष उमा कुमारी, मंजू यादव, निक्की कौर, पूनम, पुष्पा यादव और अन्य सदस्य उपस्थित थे। इस मौके पर विकेश झा, राजेश पटेल, गुरदीप सिंह, श्याम यादव मुकेश पाठक राजेश पाठक आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने पहुंचे विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



कथा श्रवण के दौरान विधायक पटेल व अन्य।

सराईसिंगार बजरंग चौक में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 21 अप्रैल से कलश शोभायात्रा से प्रारंभ हुआ है जो 29 मार्च शुक्रवार को हवन सहस्त्र ब्राम्हण भोजन, भंडारा के साथ विश्राम होगा। व्यास पीठ से सुमित महराज जमनीपाली के मुखारविंद से कथा श्रवण कराया जा रहा है। कथा के पांचवें दिन कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल कथा श्रवण करने पहुंचे और महराज से आशीर्वाद लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं महराज ने समुद्र मंथन, वामन चरित्र, राम चरित्र एवं कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का रसपान कराया। महराज ने श्रीराम प्रभू के आदर्शों को प्रत्येक मानव को अपने जीवन में अपनाने की जरुरत है, वे वचन और मर्यादा के प्रतिरुप है, वे छल कपट से परे सभी जीवों मानव समाज के रक्षक है, वे अधर्म के नाश किऐ धर्म की रक्षा वहीं महराज ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव कथा को बहुत ही मार्मिक जीवो उद्धार के लिए बताया। वहीं वामन अवतार की कथा में यह संदेश दिया कि किसी भी मानव जीव को छोटा न समझे सब ईश्वर के है और ईशवर हमारे वे परमपिता परमेश्वर है। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक अनवरत चल रहा है, कथा पश्चात महाआरती, भोजन भंडारे की व्यवस्था। आयोजक श्रीमती शकुन्तला बाई, हरनारायण-राजकुमारी मरकाम ने किया है। वहीं छोटलाल पटेल, बजरंग यादव, दिलीप पटेल, मंगलेश्वर मरकाम-दुर्गा, भुनेश्वर मरकाम सहित आस-पास व क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग कथा श्रवण करने पहुंच रहे हैं।

## 175 ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण, 30 ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




रक्तदान करते युवा।

कोरबा प्रेस क्लब के सदस्य रहे अंचल के वरिष्ठ पत्रकार स्व. रमेश पासवान और स्व. विजय सिंह की स्मृति में रविवार को प्रेस क्लब, तिलक भवन टीपी नगर में स्वैच्छिक रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 175 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक को 30 यूनिट रक्त इस भीषण गर्मी के मौसम में रक्तदान कर प्रदाय किया गया।

ब्लड डोनेशन कैंप के आयोजन में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के टीम के साथ ही रेड क्रॉस समिति का सहयोग रहा। जिसके अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल यहां मौजूद थे। बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने पत्रकार स्व. विजय सिंह की स्मृतियां सुनाई और उनके हाथ से लिखित एक लेख वह अपने साथ लेकर आए थे। रेड क्रॉस सोसाइटी के वाइस चेयरमैन राजेंद्र तिवारी ने कहा कि कोरबा प्रेस क्लब का यह आयोजन बेहद सराहनीय है। हम देख रहे हैं की प्रेस क्लब, लगातार सामाजिक कार्यों में आगे बढ़ रहा है और समाज को एक कदम आगे बढ़कर कुछ देने का प्रयास है। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन ने कहा कि कोरबा प्रेस क्लब के साथियों को शिविर के लिए साधुवाद दिया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ रविकांत जटवार ने प्रेस क्लब के आयोजन की प्रशंसा की। आयुर्वेद से स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। प्रेस क्लब का आयोजन बेहद सराहनीय है। इस तरह के आयोजनों को और बढ़ावा मिलना चाहिए। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ दिवाकर त्रिपाठी ने कहा कि इस आयोजन के लिए हमारे अधिकारी ने हमे कहा कि हम अपनी बेस्ट टीम लेकर प्रेस क्लब जाएंगे। ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ मिल सके। यहां सभी अतिथियों और प्रेस सबका नजरिया बेहद सकारात्मक है। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिले। सभी स्वस्थजीवनशैली के साथ निरोगी रहें।

## भक्त की भक्ति के आगे हार जाते हैं भगवान: पं. मिश्रा



कथा सुनाते आचार्य व शामिल श्रोता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हमें अपना सर्वस्व जीवन प्रभु की भक्ति में लगाना चाहिए, ताकि जीवन में विपरीत परिस्थितियाँ आने पर हमारा आत्मविश्वास कमजोर पड़े। हम धर्म कर्म से विमुख न हों। जिस प्रकार दैत्य राजा बलि ने भगवान वामन को तीन पग भूमि दान करने के उपरांत दो पग में ही नारायण स्वरूपा भगवान वामन द्वारा संपूर्ण त्रिलोक नाप देने के बावजूद अपना धैर्य न खोते हुए तीसरे पग के रूप में खुद को भगवान वामन के श्री चरणों में समर्पित कर न केवल अपने वचन पूर्णता की लाज रख ली वरन भक्त वत्सल भगवान वामन की कृपा से पाताल लोक का राजा बन गए और भगवान नारायण स्वयं उनके द्वारपाल बन गए।

उक्त बातें कथा व्यास पं.मुकेश मिश्रा ने करतला विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सलिहाभांठा में मातृशक्तियों एवं ग्रामवासियों की सहभागिता से आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के 5वें दिन आयोजित वामन अवतार कथा प्रसंग के दौरान कही। आचार्य श्री मिश्रा ने समुद्र मंथन की कथा प्रसंग का श्रोताओं को श्रवण कराते हुए बताया कि किसी भी शुभ कार्य की शुरूआत हमें प्रथम पूज्य श्री गणेश की आराधना से करनी चाहिए, अन्यथा हमें जिस तरह समुद्र मंथन में देव -दानवों को गणपति जी के कोपभाजन से मदरांचल पर्वत के रूप दिक्कतों से जूझना पड़ा था ठीक उसी तरह की कठिनाइयों से जूझना पड़ सकता है। आचार्य श्री मिश्रा ने श्रोताओं को बताया कि अमंगलसूचकों को धारण करने के बाद भी भगवान भोलेनाथ का माँ भवानी से पाणिग्रहण करने पर सारे अमंगलसूचक मंगल में बदल गए। शनिवार को भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कथा स्थल पर नयनाभिराम झांकी निकाली गई। कथा श्रवण करने भागवत कथा प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। न केवल ग्रामवासी अपितु निकटस्थ ग्राम के भागवत कथा प्रेमी भी भागवत कथा का श्रवण कर अपना जीवन धन्य बना रहे।

## कृष्णा ग्रुप ने पहलगाम आतंकी घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुई आतंकी घटना में शहीद हुए 26 निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कृष्णा ग्रुप द्वारा एक शोकसभा का आयोजन किया गया। इस भीषण आतंकवादी हमले की पूरे देश में आक्रोश है एवं इस कृत्य की कड़ी निंदा की जा रही है। कोरबा स्थित कृष्णा हुंडई परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में मृत आत्माओं की शांति के लिए मौन धारण किया गया। इस अवसर पर कृष्णा ग्रुप के चेयरमैन अशोक मोदी ने कहा, इस प्रकार की घटनाओं की केवल निंदा पर्याप्त नहीं है, हमें आतंकवाद का मुँहतोड़ जवाब देना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी ऐसा दुस्साहस ना कर सकें। आज का भारत साहसपूर्वक कार्रवाई करने वाला राष्ट्र है, जो दुश्मनों को उनके घर में घुसकर करारा जवाब देता है। उन्होंने यह भी अपील की कि प्रत्येक भारतीय नागरिक को सरकार पर दबाव बनाना चाहिए ताकि इस जघन्य कृत्य का उचित प्रतिशोध लिया जा सके। श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब देना ही सही श्रद्धांजलि होगी। श्रदांजलि सभा में प्रदीप टिबडेवाल कृष्णा ग्रुप के निदेशक संजय मोदी, राजा मोदी, हार्दिक मोदी, चैतन्य मोदी, वेदांत मोदी, विश्व हिंदू परिषद कोरबा महानगर के अध्यक्ष गौरव मोदी, बजरंग दल के अध्यक्ष श्री राणा, विहिप के पूर्व जिला अध्यक्ष रितेश डालमियां, श्रीमती अंकिता मोदी, श्रीमती निकिता मोदी, श्रीमती श्रेया मोदी, श्रीमती मंजू अग्रवाल, श्रीमती आशा बंसल सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण उपस्थित थे।

## भाजपा ने चलाया प्रबुद्ध जनसंपर्क अभियान



जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला मंडल अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में संगठन के निर्देश पर हितानंद अग्रवाल के द्वारा सर्वमंगला मंडल अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों का दौरा किया गया। जहां उनके द्वारा अनुसूचित जाति के प्रबुद्ध परिवार जनों से भेंट मुलाकात की गई। हितानंद अग्रवाल मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ क्रमशः श्री संजय खूंटे, श्री लखन लाल आदिले, श्री पंचराम खूंटे, सुदर्शन सारथी, काशीराम टंडन, रूपराम ज्वाला, सुरित राम, देवनाथ कोसले के घर पहुंचे। इस दौरान हितानंद अग्रवाल ने सभी परिवारों के मुखियाओं को गमछा पहनकर उनका सम्मान किया। साथ ही 27 अप्रैल को गीतांजलि भवन कोरबा में आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान समारोह में पधारने के लिए निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम में आने के लिए आग्रह किया। इस दौरान हितानंद अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने आजादी के बाद से डॉ.भीमराव अंबेडकर को कभी भी सम्मान देने का कार्य नहीं किया उनके विचारों को कभी भी बढ़ाने का कार्य नहीं किया। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने तो सन 1952 एवं 1954 के लोकसभा चुनाव में उन्हें हराने का कार्य किया। पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनसे भय था वे उनकी सामाजिक एवं राजनीतिक हत्या करना चाहते थे। उन्होंने कहा कि किस प्रकार भाजपा सरकार बाबा साहब अंबेडकर के बताए रास्तों पर चलती है एवं उनके बनाए संविधान का सम्मान करती है। इस दौरान अभियान में मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, दर्शन सिंह चावला वरिष्ठ भाजपा नेता, बॉबी गभेल महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष, विकेश झा, उत्तम यादव मंडल मंत्री, आरती सिंह, प्रेम साहू, बालकृष्ण साहू, लखन सिंह, भोजेश्वर दास, सोनू चौहान, करन बाई, रोहन गुप्ता, प्रशांत मिश्रा, भूपेंद्र बरेठ, कुणाल जादूगर, गोविंद सिदार, जीवनलाल साहू, प्रशांत मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### विदाई समारोह आयोजित

**कोरबा।** प्रधान पाठक श्रीराम सिंह पैकरा का शिक्षा विभाग में 62 वर्ष की सेवा पूरी होने पर संकुल स्तर पर विदाई का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संकुल नोडल प्राचार्य हेम कुमार कुर्रे एवं विशिष्ट अतिथि के रुप सेवा निवृत्त प्रधान पाठक अंजोर साय मन्नेवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन उपेन्द्र कुमार राठौर एवं शांतिलाल कश्यप ने किया। संकुल समन्वयक बसंत कुमार मिरी एवं संकुल खरवानी के शिक्षक शिक्षिकाओं ने मिलकर श्रीराम सिंह पैकरा, प्रधान पाठक प्राथ, शाला ठाकुरदियापारा (खरवानी) को श्रीमद्भागवत गीता, पेन, साल, अंगवस्त्र, श्रीफल, मिठाई एवं स्मृति चिन्ह एवं स्वसहायता समूह खरवानी ने अंगवस्त्र ससम्मान भेंट किया।

## कोरबा मार्केट









## खबर संक्षेप

### शहडोल में आरपीएफ श्वान दस्ता तैनात

**बिलासपुर।** दपूमरे मंडल के बिलासपुर, रायगढ़, अंबिकापुर स्टेशन में रेलवे सुरक्षा बल द्वारा श्वान दस्ता की तैनाती कर स्टेशन प्लेटफार्म और यात्री गाड़ियों की श्वानों से नियमित चेकिंग की जा रही है। इसके तहत शहडोल स्टेशन की सुरक्षा को प्रभावशाली बनाने आरपीएफ ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। स्टेशन परिसर में श्वान दस्ते डॉग स्क्वायड की तैनाती की गई है, जिसका शुभारंभ जोन के महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त मुनव्वर खुर्शीद ने किया है।

### रेलकर्मियों की शिकायतों का किया गया निवारण

**बिलासपुर।** मंडल प्रशासन रेल कर्मचारियों के हितों उन्हें स्वस्थ कार्यालयीन वातावरण प्रदान करने, उनकी शिकायतों एवं समस्याओं के निराकरण व उन्हें स्वास्थ्य लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कर्मचारी शिकायत निवारण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन नियमित रूप से कर रहा है। इसमें शिशु रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, स्त्री रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ एवं फिजिशयनों द्वारा जांच की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के 246 कर्मचारियों एवं उनके परिजन ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया।

### युवती के हाथ से मोबाइल लूटकर भागे बाइकर्स

**बिलासपुर।** युवती से मोबाइल लूटकर बाइक सवार दो युवक भाग गए। पुलिस पतासाजी में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदुदण्ड तुलजा भवानी मंदिर के पास रहने वाली सुष्मिता बाई पिता भागवत राम 27 अप्रैल को दोपहर 3.30 बजे रेस्टोरेंट से काम करने के बाद घर के पास पहुंची और अपनी छोटी बहन से बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और उनके हाथ से मोबाइल लूटकर भाग निकले। पुलिस ने युवती की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

दुकानदारों ने जमकर विरोध किया, देर शाम तक चलती रही कार्रवाई

# हाईटेक बस स्टैंड में निगम का बड़ा अभियान, 43 दुकानों को तोड़ा



हाईटेक बस स्टैण्ड के पास अवैध कब्जा वाली दुकानों को हटाने की कार्रवाई करते निगम के कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईटेक बस स्टैंड की अधिकांश दुकानों पर अवैध कब्जा हो गया है। इन दुकानों में ट्रेवल्स संचालकों ने कब्जा जमा लिया है। वे यहीं से अपनी बसों का संचालन कर रहे हैं। 9 करोड़ की लागत से बने इस बस स्टैंड की निगरानी करने वाला कोई नहीं है। पक्की दुकानों के साथ ही यहां होटल, भोजनालय, चाय नाश्ते के साथ ही कई पान ठेले खुल गए हैं।

- होटल, भोजनालय, चाय नाश्ते के साथ ही कई पान ठेले खुल गए थे

निगम की टीम ने रविवार को यहां अभियान चलाया और 43 कच्ची और पक्की दुकानों को तोड़ डाला। इसके साथ ही अवैध कब्जे खाली कराए गए। इस दौरान दुकानदारों ने जमकर विरोध किया और निगम की टीम को रोकने की कोशिश की।

कई बार झूमाझटकी और हाथापाई की भी नौबत आई। देर शाम तक निगम ने पूरे कब्जे हटाते हुए सफाई अभियान चलाया। 9 करोड़ की लागत से बने इस हाईटेक स्टैंड में करीब 27 दुकानों पर ट्रेवल्स संचालकों ने अवैध कब्जा कर रखा है। इसके अलावा बस स्टैंड परिसर के अंदर से लेकर बाहर तक 50 से अधिक छोटे बड़ी दुकानें खुल गईं हैं। इसमें होटल, भोजनालय, चाय नाश्ते के साथ ही कई पान ठेले हैं। इसके साथ ही सैलून, फोटो कापी की दुकानें भी हैं।

इन कब्जों के कारण हाइटेक बस स्टैंड परिसर में जगह तक नहीं बची है। इसके साथ ही जिस प्रवेश द्वार से बसें अंदर जाती हैं वहां से लेकर काम्प्लेक्स तक दोनों तरफ भी दुकानें चल रही हैं। इसके कारण कई बार परेशानी होने के साथ ही दुर्घटना की भी आशंका रहती है। निगम ने रविवार को यहां कब्जा हटाओ अभियान चलाया और 43 दुकानों को तोड़ा।

### कब्जे के कारण सफाई नहीं, गंदगी हर तरफ

कई बार नोटिस के बाद भी कब्जा खाली नहीं किया गया था। इस कारण सफाई पर भी असर पड़ रहा था। रखरखाव और निगरानी के अभाव में बस स्टैंड पर पसरे कब्जे के कारण आम जनता को खासी होती थी। न सिर्फ आने-जाने बल्कि यहां प्रतीक्षालय जैसे स्थानों पर कब्जे होने के कारण गंदगी फैली देखी जा सकती है। कब्जाधारियों तथा परिसर में अवैध रूप से ठेला गुमटी संचालित करने वाले कारोबारियों को निगम की कोई परवाह नहीं थी। इसके साथ ही निगम ने मगरपारा से लेकर भारतीय नगर में कब्जा हटाने की कार्रवाई की। सड़क के दोनों तरफ सामान रखने वाले, शेड निकालने वाले दुकानदारों को चेतावनी देने के साथ जब्ती की गई।

### नाम पट्टिका के साथ चेंबर भी

बस स्टैंड की दुकानों में ट्रेवल्स संचालकों के साथ ही दूसरे लोगों ने कब्जा जमा रखा है। इन दुकानों को बस संचालकों ने दफ्तर बना लिया है। बाहर में बकायदा इनके नाम अंकित हैं, जिनमें ट्रेवल्स का नाम लिखा गया है। कई दुकानों का उपयोग गोदाम के तौर पर भी किया जा रहा है। इनमें टायर, बसों के मोटर पार्ट्स इत्यादि सामान रखे गए हैं। इनमें एटीएम, लिफ्ट, रेस्ट हाउस, झूलाघर, एयर टिकट, रेलवे टिकट, पोस्ट आफिस बनाने की योजना बनाई थी जो कि कब्जों के कारण अधूरीं थीं। कई बार निगम ने इन्हें नोटिस दिया लेकिन जगह खाली नहीं किया गया। इन्हीं लोगों ने परिसर के अंदर भी छोटी दुकानें खोल लीं थीं और किराया वसूल रहे थे।

# बुजुर्ग को जबरिया जमीन खाली करने व जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बुजुर्ग को जबरिया जमीन खाली करने व जान से मारने की धमकी देने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, इंदू चौक निवासी बुजूर्ग महेशचंद्र अग्रवाल ने रिपोर्ट लिखाई 6 जून 2011 को उन्होंने अपनी बहू खुशबू अग्रवाल के नाम से जरहाभाठा नजूल शीट नम्बर 4, प्लाट नम्बर 51/ 1, 52/ 1, 53/ 1 में से 3000 वर्गफीट को पंजीकृत इकरारनामा तैयार कराया है, जिसमें वर्तमान में वे काबिज हैं। उनके बगल का प्लाट अभय बरूआ पिता सुरेश बरूआ के नाम पर पंजीकृत है। 25 अप्रैल 2025 को दोपहर 3 बजे अभय बरूआ उनके घर आकर उनकी प्लाट खरीदने की इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि तुम उस जमीन को छोड़ दो। श्री अग्रवाल ने उन्हें जमीन के दस्तावेज दिखाए तो अभय बरूआ उत्तेजित होकर गाली गलौज करने लगा। मना करने पर कहा जमीन खाली कर दो नहीं जान से मार दूंगा कहकर धमकी दे रहा था। पुलिस ने श्री अग्रवाल की रिपोर्ट पर अभय बरूआ के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पूर्व में भी हुआ था विवाद

पूर्व में पुराना बस स्टैण्ड की एक दुकान में कब्जा को लेकर अभय बरूआ एवं उसके साथियों ने दुकान संचालक के साथ जमकर मारपीट की थी। पुलिस के मौके पर पहुंचने पर विवाद शांत हुआ था। जिसका वीडियो जोरो से वायरल हुआ था। बाद में दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया था। वहीं अभय बरूआ के करीबी अकबर खान पर भी जमीन विवाद के कई शिकायतें थीं। पूर्व में जमीन में जबरिया कब्जा करने से हताश सरकण्डा के एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली थी। उक्त मामले में अकबर खान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

### टिकिट चेकिंग करते पकड़ा गया आरोपी

**बिलासपुर।** काला कोट पहनकर सारनाथ एक्सप्रेस के स्लीपर और एसी कोच में यात्रियों से टिकिट चेकिंग कर अवैध वसूली करने वाले आरोपी को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शनिवार की रात दुर्ग से छपरा जाने वाली 15160 सारनाथ एक्सप्रेस दुर्ग से रवाना होकर भिलाई पावर हाउस पहुंची थी। ट्रेन के स्टेशन पहुंचने के बाद एक यात्री भिलाई पावर हाउस जलेबी चौक निवासी 36 वर्षीय हामीद हुसैन पिता अहमद हुसैन स्लीपर कोच में सवार हो गया। हामीद हुसैन काला कोट पहना हुआ था। इसका फायदा उठाकर उसने एम1, एम 2 के बाद स्लीपर कोच एस 1 और एस 2 में यात्रियों की टिकिट की जांच शुरू कर दी। इस दौरान उसने यात्रियों से पैसों की भी उगाही की। किसी यात्री ने इसकी सूचना ट्रेन में ड्यूटी कर रहे दुर्ग स्टाफ टीटीई रवि कुमार शर्मा पिता रमाकांत शर्मा को दी। सूचना मिलते ही टीटीई रविकुमार शर्मा ने तत्काल कंट्रोल को सूचित किया। कंट्रोल से जानकारी मिलते ही ट्रेन के स्लीपर और एसी कोच में स्काटिंग कर रहे जीआरपी स्टाफ ने टिकिट की जांच और अवैध वसूली करते हुए आरोपी हामीद हुसैन को पकड़ लिया। आरोपी को पकड़ने तक ट्रेन पेण्ड्रारोड रेलवे स्टेशन तक पहुंच गई थी।

आरोपी युवक ने थाने में जमकर मचाया हंगामा

# सिविल लाइन थाना की गोपनीय एफआईआर की कापी लीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिविल लाइन थाना की अतिसंवेदनशील गोपनीय एफआईआर की कापी लीक होने से पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है। एसपी ने जिम्मेदार अधिकारियों को जमकर फटकार लगाते हुए नाराजगी जताई है। उन्होंने सूचना लीक करने वालों की पतासाजी करने का आदेश दिया है। अधिकारी सूचना लीक करने वाले पुलिसकर्मियों की जांच करने में जुटे हुए हैं।

शुक्रवार की रात सिविल लाइन थाने में धार्मिक भावनाओं के मामले एफआईआर दर्ज की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफआईआर को सेंसिटिव में रखा गया था। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने मामला संवेदनशील बताते हुए मीडियों कर्मियों को जानकारी नहीं दी। मजेदारबात यह है कि उक्त मामले की एफआईआर लीक हो गई और सोशल मीडिया में वायरल हो गई। जानकारी होने पर एसएसपी रजनेश सिंह ने जिम्मेदार अधिकारियों को एफआईआर लीक होने पर जमकर फटकार लगाई और दो एडीशनल एसपी को सूचना लीक करने वालों की पतासाजी करने का आदेश दिया। इसके बाद थाने में पदस्थ एक-एक पुलिसकर्मियों को तलब कर उनके मोबाइल की जांच की गई है।

### दूसरे पक्ष के लोगों ने थाने में मचाया हंगामा

मजेदारबात यह है कि संवेदनशील एफआईआर की कापी आरोपी को भेज दिया गया था। एफआईआर होने की जानकारी होने के बाद उक्त युवक बड़ी संख्या में अपने संगठन के लोगों के साथ सिविल लाइन थाना पहुंच गया और एफआईआर को लेकर हंगामा मचाना शुरू कर दिया।



27 korba-pg4_Layout 1 4/27/2025 11:01 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**कोरबा।** सर्व ब्राह्मण समाज, परशुराम सेना, और छत्तीसगढ़ द्विज परिवार बालको के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सभा में शहर के सैकड़ों लोग शामिल हुए। घंटाघर के पास पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और दो मिनट के मौन के साथ शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस हमले में कई जवान शहीद हो गए। कोरबा की इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित हर व्यक्ति की आँखें उस बलिदान को याद कर नम थीं। दीपों की रोशनी और मौन की गहराई ने शहीदों के प्रति सम्मान और उनके परिवारों के प्रति संवेदना को व्यक्त किया। इस सभा में सर्व ब्राह्मण समाज, मारवाड़ी ब्राह्मण समाज, और छत्तीसगढ़ द्विज परिवार बालको के पदाधिकारी और सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। रामकिशोर शर्मा, राजीव शर्मा, वैभव शर्मा, मनीष मिश्रा, अविनाश जोशी, विजय दुबे, रविंद्र दुबे, अजय पांडेय, प्रभात शर्मा, राजेश दुबे जैसे प्रमुख लोग उपस्थित थे। सर्व ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष अरुण शर्मा, अध्यक्ष हेमंत शर्मा, सचिव संजय तिवारी, पवन शर्मा, और हेमंत गौतम ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न

**कोरबा।** कर्मचारी समस्याओं व विद्युत सबस्टेशन में उत्पन्न विद्युत व्यवधान में सुधार के लिए भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ महासंघ की बैठक अधीक्षण अभियंता वृत्त कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में सभी अधिकारियों को संघ की ओर से पुष्प भेंट कर अभिनंदन किया गया। कोरबा वृत्त के सचिव एवं प्रदेश मंत्री यशवन्त राठौर ने संगठन के पदाधिकारियों तथा अधिकारियों का आपस में परिचय कराया। इसके पश्चात बिलासपुर क्षेत्र के अध्यक्ष संतोष शर्मा, महामंत्री संजय तिवारी, कार्यकारी अध्यक्ष रामायण प्रसाद, उपाध्यक्ष मनीष क्षत्री तथा प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने कर्मचारियों की स्थापना शाखा से जुड़ी समस्याओं जैसे एडिशनल वेजेस, चिकित्सा देयक, यात्रा देयक, पदोन्नति, रेगुलराइजेशन तथा 33/11 के व्ही सबस्टेशन में होने वाले विद्युत व्यवधान के सुधार मरम्मत एवं सबस्टेशन ऑपरेटर्स को नियमित भुगतान करने, लंबित ईएसआईसी व ईपीएफ की राशि भुगतान करने संबंधी विषयों पर सकारात्मक चर्चा की। बैठक में पावर कंपनी से अधीक्षण अभियंता पी एल सिदार, कार्यपालन अभियंता एस के सोनी,एस के ठाकुर,आर एल वर्मा, रेणुका वर्मा ने समस्याओं के निराकरण के लिए संगठन को आश्वस्त किया। संगठन से सुनीता जायसवाल, रजनी ओगरे, कोरबा वृत्त के अध्यक्ष सलिल शर्मा, सत्यप्रकाश गांधी गुप्ता तथा राजदेव सिंह की मौजूदगी रही। अंत में श्री राठौर ने सभी का आभार प्रकट करते हुए पहलगाम में आतंकी हमले में दिवंगत हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने शोक संवेदना व्यक्त की।

### एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में ग्राम पंचायत अलगीडॉढ ने पारित किया प्रस्ताव

**कोरबा।** ग्राम पंचायत अलगीडॉढ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर एक राष्ट्र, एक चुनाव अवधारणा के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य भारत के लोकतांत्रिक ढांचे को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाना है। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएं, जिससे समय, संसाधन, और प्रशासनिक खर्चों में भारी बचत हो सके और देश के विकास कार्यों में निरंतरता बनी रहे। बार-बार चुनाव कराने से भारी प्रशासनिक खर्च और संसाधनों की बर्बादी होती है। एक साथ चुनाव होने से चुनावी खर्च में भारी कमी आएगी और सुरक्षा बलों, शिक्षकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को बार-बार चुनावी ड्यूटी से राहत मिलेगी। आदर्श आचार संहिता के कारण विकास कार्यों में जो रुकावट आती है, वह एक साथ चुनाव से दूर होगी, जिससे सरकारें विकास कार्यों पर बेहतर तरीके से ध्यान केंद्रित कर सकेंगी।

## अटल आवास, झोपड़पट्टी बस्ती, फेरी करने वाले, किरायेदार और संदिग्ध व्यक्तियों की हुई जांच

# पुलिस ने जिले में चलाया विशेष अभियान, स्लम बस्तियों में पहुंचकर की 1844 व्यक्तियों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस द्वारा एकदिवसीय अभियान चलाया गया जहां जिले के विभिन्न थानेदार अपने अपने क्षेत्र के स्लम बस्तियों में पहुंचकर 1844 व्यक्तियों की जांच पड़ताल की गई। साथ 738 दीगर राज्यों से पहुंचे लोगों की मुसाफिरी दर्ज की गई। साथ ही फेरी वालों किरायादारों के दस्तावेजों की जांच की गई।

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर थाना चौकी प्रभारियों द्वारा अपने अपने इलाकों में दस्तक दी जहां पुलिस द्वारा अवैध/अनधिकृत रूप से प्रवासियों की संभावना हो सकती है संस्कृतिक, जातीय, बोल-चाल, रहन-सहन में समानताएं होने के कारण कई बार ऐसे प्रवासियों पर ध्यान नहीं दिया जाता है ऐसे अवैध प्रवासियों नागरिक अधिकारों का उल्लंघन करने के साथ-साथ गंभीर सुरक्षा की चुनौतियां भी पैदा कर सकते हैं ऐसे तत्वों के विरुद्ध कोरबा पुलिस अभियान चल रही है इसके साथ-साथ फेरी करने वाले, किराएदार, अटल आवास, झोपड़पट्टी और संदिग्ध व्यक्तियों का जांच अभियान चलाया गया। कोरबा पुलिस के द्वारा कोतवाली क्षेत्र में मोतीसागर पारा, अटल आवास राताखार, रामसागर पारा, पुरानी बस्ती, थाना सिविल लाइन क्षेत्र में काशी नगर, थाना दर्री क्षेत्र में केनदईखार, अटल आवास लाटा, दर्री बस्ती, अयोध्यापुरी, थाना कटघोरा क्षेत्र में अटल आवास जेंजारा, खुडरीगढ हनुमानगढ़ी पहाड़ पुलिस टीम के द्वारा व्यक्तियों की सूची बनाकर थाने में विद्वत तरीके से दिया जाए और अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति होटल लॉज में रुका हो उसकी जानकारी भी तुरंत नजदीकी थाने में दिया जाए। पुलिस टीम के द्वारा संदिग्धों और मुसाफिरों की जांच को लेकर क्षेत्र में घूम-घूम कर सामानों की फेरी करने वाले, सड़क किनारे जड़ी बूटी, कपड़े, खिलौने बेचने वाले तथा गैस चूल्हा आदि रिपेयर करने वालों को पुलिस थाना में तलब कर उनके वास्तविक पते, वर्तमान गतिविधियों तथा मुसाफिरी दर्ज कराने की जानकारी लिया गया। कुछ फेरीवालों ने थाने में मुसाफिरी दर्ज नहीं कराये थे उन्हें फटकार लगा कर उनका मुसाफिरी दर्ज किया गया। जिला पुलिस के द्वारा मुसाफिर चेक करते हुए अन्य राज्य से 738 अन्य जिले से 466 स्थानीय व्यक्ति 640 लोगों को चेक किया गया। संदिग्ध अजनबी के तहत 124, गिरफ्तारी वारंट 23, कोरबा पुलिस द्वारा कुल 1844 लोगों को चेक किया गया। उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, उड़ीसा जैसे राज्यो को एवं 466 अन्य दीगर ज़िलों को जारी किया गया है एवं उनके राज्य के नजदीकी थाने में संपर्क करके उनके बारे में जानकारी लिया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर व यातायात एवं साइबर सेल प्रभारी रविंद्र कुमार मिना, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का, पुलिस अधीक्षक दर्री विमल पाठक, कटघोरा एसडीओपी पंकज ठाकुर एवं थाना चौकी से कुल 156 अधिकारी कर्मचारियों ने इस अभियान में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



किरायादारों से पूछताछ करती पुलिस की टीम।

### किरायादारों की हो रही सूची तैयार

थाना प्रभारियों द्वारा फेरीवालों को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहकर सामान्य जीवन व्यतीत करने की समझाइश दी गई है और गलत काम धंधों में पाए जाने से कड़ी कार्यवाही की चेतावनी देकर छोड़ा गया है। मकानों में रहने वाले मकान मालिकों व किराएदारों का सत्यापन किया गया और किराएदारों की सूची तैयार की गई। सत्यापन कार्य में लगे पुलिस के द्वारा किराएदारों के आईडी लेकर चेक किये और उनके काम काज की जानकारी लिया गया तथा उन्हें अवैधानिक गतिविधियों से दूर रहने की समझाइश दिये। पुलिस की टीम के द्वारा मकान मालिक की व्यक्तिगत जवाबदारी है कि वह थाने में किराएदार की सूचना दें। उन्होंने मकान मालिकों को हिदायत दिए कि वे मकान किराये पर देने से पूर्व अनिवार्य रूप से किराएदार का पुलिस वेरिफिकेशन कराये अगर कोई मकान मालिक नियमों का पालन नहीं करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही हो सकती है।

# दो अलग- अलग स्थानों में चोरी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्र में चोरी की दो घटना सामने आयी है दोनों ही मामलों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत केसीसी कॉलेज के बुधवारी बस्ती निवासी कुलदीप सिंह राठौर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह फोटोग्राफी का काम करता है।

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी तथा बालको थाना क्षेत्र की घटना

कुलदीप ने जुगुत राठौर का बेटा का विवाह में विडियो सुटिंग का काम लिया था जिसका विवाह 16 से 19 फरवरी तक ब्रम्हवाटिका मिनीमाता कॉलेज कोरबा के पीछे में आयोजित था जिसमें कुलदीप विडियों शुटिंग का काम कर रहा था। 19 फरवरी को रिसेप्शन था। कुलदीप अपना विडियों शुटिंग का सामान को लेकर स्टेज के पास फोटोग्राफी टेबल में रखकर अपना काम कर रहा था। इसी रात 9.30 बजे के आसपास कुलदीप फोटो और विडियो शुटिंग का काम में व्यस्त हुआ उसके बाद रात 10 बजे आसपास कुलदीप अपने सामान रखे टेबल के पास गया तो देखा कि कैनन कैमरा 6डी मार्क-2- 1 नग, कैनन आर-6 मार्क-2 का बैटरी- 2 नग व चार्जर-3 नग, निकॉन का जेड-6 मार्क-2 का बैटरी- 1 नग व चार्जर-1 नग, डीजिटेक का फ्लैस लाईट 3 सेट बैटरी व चार्जर-1 नग, 5-सनडिस्क का मेमोरीकार्ड 64 जीबी का-5 नग को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया है। कुलदीप की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। इसी तरह बालको नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एलसीएच/43 रजगामार थाना बालको निवासी तिलेश्वरी चंद्रा उम्र 32 वर्ष पति तोरण सिह चंद्रा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 अप्रैल को तिलेश्वरी अपने पुत्र भावेश चंद्रा के साथ सुबह 7.30 बजे सदभावना बस मे एक बैग लेकर बैठी उस बैग के अंदर उसके और उसके बच्चे के कपडे थे। कपडे के अंदर पेटीकोट मे अंदर मे एक हार के डिब्बे मे बंद था। तिलेश्वरी बस चढ़ते समय अपने मेहरून रंग के अपने बैग को बस के केबीन मे रखने के लिये सदभावना बस के कंडेक्टर को दी थी जो तिलेश्वरी के सामने उसके बैग को केबीन के अंदर रखा था। सक्ती में जब बस रूकी तो तिलेश्वरी ने देखा कि उसका बैग बस के केबीन मे नही था। जिसके बाद तिलेश्वरी अपनी मां घर मे रखी थी लेकिन जब बैग खोलकर देखी तो उसका हार उसमें नहीं था। तिलेश्वरी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

# नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भाजपा कार्यालय में आज एक भव्य और गरिमामय समारोह के बीच नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कार्यभार

**खास बात**

- कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करने का दिया संदेश

ग्रहण किया। श्री मोदी ने संगठन की जिम्मेदारी संभालते हुए सबको एकजुट होकर कार्य करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर परगोपाल साहू, जोगेश लांबा, नवीन पटेल, संदीप सहगल, ज्योति वर्मा, विकास अग्रवाल, मनीष मिश्रा,मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा सहित अनेक वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने गोपाल मोदी का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया और उन्हें अपनी शुभकामनाएँ दीं। संगठन को मजबूत करने का संकल्पःसमारोह में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। नए नेतृत्व के प्रति कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। सभी ने आने वाले समय में भाजपा को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने के लिए एकजुटता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का भरोसा जताया।




सम्मान समारोह में कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के पदाधिकारी।

### डीएव्ही स्कूल में केजी-1 में आरटीई में प्रवेश, 10 मई तक कर सकते है आवेदन

**कोरबा।** जिले में संचालित 5 डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल बडमार, जेंजरा, खरमोरा, सैला, डोगरतराई में के.जी. 1 में शिक्षा के अधिकार के तहत एवं शासकीय कोटा के रिक्त सीट में प्रवेश दिया जा रहा है। इस हेतु आवेदन संबंधित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूलों में 10 मई तक जमा कर सकते हैं। शिक्षा के अधिकार के तहत गरीबी रेखा तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं पात्र होंगे एवं शासन कोटा में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, निःशक्तजन, निर्धन वर्ग, परित्यक्ता, मातृ-पितृ हीन के छात्र/छात्रा आवेदन के पात्र है। शासकीय कोटा एवं शिक्षा के अधिकार के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई शाम 5 बजे तक है। आवेदन का प्रारूप एवं अन्य जानकारी संबंधित डी.ए.व्ही. मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल से प्राप्त किया जा सकता है।

# लायंस क्लब ने किया शीतल पेयजल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से सम्बंधित संस्था लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी के द्वारा शुरू से ही हर क्षेत्र में सामाजिक गतिविधिया करते आई हैं। इसी कड़ी में बढ़ रही इस चिलचिलाती धूप को देखते हुए मुख्य मार्ग प्रायमरी स्कूल के बगल में आने जाने वाले राहगीरों के लिए शीतल पेयजल पानी प्याऊ का स्टाल लगाया गया। जिसका शुभारंभ नगर निरीक्षक कटघोरा धर्मनारायण तिवारी के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में दुर्गेश वर्मा नगर निरीक्षक बांगो, सहायक निरीक्षक राजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। क्लब के अध्यक्ष दीपक गर्ग ने कहा कि क्लब के द्वारा हर वर्ष इस प्रकार के आयोजन किये जाते रहे हैं। श्री तिवारी ने कहा कि क्लब के द्वारा लगातार जिस प्रकार से सेवा के कार्य किये जा रहे हैं, यह किसी से भी छुपा हुआ नहीं है। गर्मी के दिनों में पानी पिलाना तो बहुत ही पुण्य का कार्य होता है। साथ ही इस भीषण गर्मी को देखते हुए हर नागरिकों को अपने घरों के बाहर बे जुबान जानवरों के लिए व घर के छतों पर पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करनी चाहिए, क्योंकि हमारे हिन्दू धर्म मे भी कहा गया है कि भूखे को अन्न प्यासे को पानी। निश्चित ही इसी सोच के साथ क्लब के द्वारा हर वर्ष इस प्रकार के आयोजन किये जाते रहे हैं। इस अवसर पर माइक्रो चेयरपर्सन अजय धनोंदिया, क्लब अध्यक्ष दीपक गर्ग, संरक्षक प्रताप वाटवानी, उपाध्यक्ष राकेश पांडेय, राजूदास दीवान, मुकेश गोयल, मुकेश गुप्ता, नितिन मित्तल, सुधीर पांडेय, सहित राजेश गुप्ता, दिनेश बंसल सहित सभी सदस्य व नगरवासी उपस्थित रहे।




प्याऊ का उद्घाटन करते थाना प्रभारी।

# नेशनल लोक अदालत हेतु न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। इस क्रम में 10 मई को जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, बैंक के प्रकरण, लिखत पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण एवं अन्य व्यवहार वाद के प्रकरण रखे जायेंगे। माननीय श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) के द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों जिसमें 5 से 10 वर्ष से अधिक वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता हेतु रखे जाने एवं अधिक से अधिक प्रकरण रखे जाने तथा निराकरण किये जाने के प्रयोजनार्थ न्यायिक अधिकारियों की बैठक 25 अप्रेल को न्यायालय भवन के विडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष में ली गई। इस बैठक में श्री जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी.) पीए एक्ट कोरबा (छ0ग0), श्रीमति गरिमा शर्मा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा (छ0ग0), डा. ममता भोजवानी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. (पाक्सो) कोरबा, श्री सुनील कुमार नन्दे, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, सुश्री सीमा प्रताप चंद्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.सी.) कोरबा, श्री शीलू सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा, श्री सत्यानंद प्रसाद, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा एवं व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा उपस्थित रहे।

### लावारिश हालत में 210 लीटर डीजल बरामद

**कोरबा।** दीपका पुलिस को सीआईएसफ ने सूचना दी कि एक संदिग्ध बोलेरो कैम्पर एसईसीएल गेवरा खदान में घूम रहा है। सीआईएसफ पेट्रोलिंग टीमों, सीआईएसफ आसूचना विभाग, एसईसीएल सिक्यूरिटी एवं लोकल पुलिस के संयुक्त प्रयास से गेवरा माइंस के सभी संदिग्ध एरिया की तलाशी की गई। इसी दौरान लगभग 3.30 बजे गेवरा माइंस के आम्रकानन प्लांटेशन एरिया में उक्त कैम्पर लावारिश हालत में मिला जिसकी तलाशी लेने पर उसमें 35 लीटर क्षमता की डीजल से भरी हुई। 6 नग जरीकेन में कुल 210 लीटर डीजल बरामद हुआ है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# एसईसीएल प्रबंधन और कुसमुंडा पुलिस के संयुक्त प्रयास से की गई बेरिकेडिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा कुसमुंडा फोरलेन सडक़ निर्माण कार्य लगभग पूरा होने को है। बावजूद इसके अब भी लोगों को जाम से दो-चार होना पड़ रहा है। कोरबा की ओर से आने वाले भारी वाहन इमलीछापर चौक के पास बाईं व दाईं ओर से आवाजाही कर रहे हैं। जिस वजह से इमली छापर चौक में लगातार जाम लग रहा है। ऐसे में कोरबा की ओर जाने वाले कोयला लोड भारी और हल्के वाहन लगातार यहां जाम में फंस रहे हैं। आमजनों को होने वाली परेशानियों को देखते हुए एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन और कुसमुंडा पुलिस के संयुक्त प्रयास से बीते गुरुवार की शाम मुख्य मार्ग कंक्रीट की बेरिकेटिंग की गई। यह बेरिकेटिंग निर्माणधीन ओवरब्रिज के ढलान के पास फोरलेन सडक़ के दाईं ओर दो स्थानों पर कंक्रीट बेरियर लगाकर की गई। जिससे अब कोरबा की ओर से आने वाले भारी वाहन अपनी साइड को छोड़ दूसरे साइड नहीं जा पाएंगे। इसके अलावा कोई भारी वाहन इमली छापर चौक पर गलत साइड से एंट्री करते पाया जाता है तो कुसमुंडा पुलिस द्वारा चालानी कार्यवाही की जाएगी, वहीं एसईसीएल रोड सेल विभाग द्वारा उसे ब्लैक लिस्ट भी किया जाएगा। इमलीछापर चौक पर भारी वाहनों की मनमानी की वजह से लगातार जाम लगता है। फिलहाल इस व्यवस्था से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। कुसमुण्डा क्षेत्र में पिछले दो वर्षों से फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है जो अब तक पूरा नहीं हो सका है। बरसात में क्षेत्रवासियों की आवागमन करने के दौरान भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**खास बातें**

- इमलीछापर चौक में राहगीरों को जाम से निजात दिलाने की कवायद
- आम लोगों को बार बार जाम की समस्या से पड़ रहा था जूझना



भारी वाहनों के आवागमन को व्यवस्थित करने की जा रही कार्रवाई।




